हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड
Hindustan Steelworks Construction Limited
(भारत सरकार का एक उद्यम) एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी,
निर्माण भवन, भिलाई-490001, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

सं.भि/राजभाषा/नराकास प्रतियोगिता/2026/164 दिनांक- 23/04/2026
(ई-मेल द्वारा)

परिपत्र

सेवा में,
माननीय संस्थान प्रमुखगण,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग.

विषय- 'नराकास, भिलाई दुर्ग' के ध्वज तले लघु कथा लेखन प्रतियोगिता के आयोजन में प्रतिभागिता बाबत।

महोदय/महोदया,

उक्त संदर्भ में हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि 01 मई, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' के ध्वज तले एच.एस.सी.एल. भिलाई द्वारा लघु कथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा हैं। प्रतियोगिता से संबंधित विवरण तथा नियम निम्नानुसार हैं:-

लघुकथा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नियम व शर्ते :

1. **विषय:- श्रमिकों के जीवन पर आधारित प्रेरक लघुकथा।**
2. **शब्दसीमा:**-अधिकतम 1000 (एक हज़ार) शब्द, टाइपिंग फॉर्मेट यूनिकोड में फॉण्ट साइज-12 में टाइप किया हुआ मान्य होगा। हस्तलिखित प्रविष्टियाँ मान्य नहीं होगी। प्रविष्टि प्रपत्र में ही अपना नाम लिखें, अन्यत्र कही भी अपना नाम/संस्थान का नाम न लिखें।
3. **माध्यम :-** ऑनलाइन ई-मेल hsclbhilai.admin@hscl.co.in के माध्यम से।
4. **पात्रता :-** 'एच.एस.सी.एल. सहित 'नराकास, भिलाई-दुर्ग' के सदस्य संस्थानों के सभी नियमित कार्मिक।
5. **मौलिकता :-** कथा का मौलिक, स्वरचित एवं अप्रकाशित होना आवश्यक है।
6. **मूल्यांकन का आधार :-** कथा लेखन में विषय वस्तु, रोचकता, भाषा और शैली, सृजनात्मकता एवं संदेश के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
7. **पुरस्कार :-** प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा 5 प्रोत्साहन पुरस्कार।
8. **अंतिम तिथि:- दिनांक 04 मई 2026** तक संलग्न प्रविष्टि प्रपत्र में विवरण के साथ अपनी प्रविष्टि ई-मेल **hsclbhilai.admin@hscl.co.in पर भिजवाएँ। अधिक जानकारी हेतु मो. नंबर 9630336791 पर संपर्क करें।**

विनम्र निवेदन है कि प्रतियोगिता में अधिकाधिक प्रविष्टियाँ प्रेषित करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

संलग्न- यथोपरि

भवदीय,
वंदना
23/04/2026
(वंदना चौधरी)
राजभाषा अधिकारी

प्रतिलिपि-

1. श्री राजीव कुमार, महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन व जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा), भिलाई इस्पात संयंत्र तथा सचिव, 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग'।
2. 'नराकास भिलाई-दुर्ग' के सदस्य संस्थानों के राजभाषा अधिकारीगण।

'नराकास, भिलाई-दुर्ग' के ध्वज तले हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड भिलाई द्वारा आयोजित

लघु कथा लेखन प्रतियोगिता -2026

प्रविष्टि – प्रपत्र

(कृपया सभी प्रविष्टियाँ हिंदी में ही भरें)

1	प्रतिभागी का नाम	
2	वैयक्तिक संख्या	
3	पदनाम	
4	संस्थान का नाम	
5	व्हाट्सअप युक्त मो.नं.	
6	ई-मेल	

प्रतिभागी के हस्ताक्षर

विभाग प्रमुख/राजभाषा अधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर